प्रीलिम्स फैक्ट्स: 18 जुलाई, 2018

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स-2018

- वर्ष 2018 के ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में भारत ने 57 वें सबसे अभिनव राष्ट्र (Most Inovative Nation) के रूप में स्थान प्राप्त किया है, जबकि पिछले साल इस सूची में भारत 60वें स्थान पर था।
- जीआईआई 80 संकेतकों के आधार पर 126 देशों के नवाचार प्रदर्शन के बारे में विस्तृत डाटा प्रदान करता है जो विश्व की आबादी का 9 0.8% और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 96.3% दर्शाता है।
- वर्ष 2018 में जारी इस इंडेक्स का यह 11वाँ संस्करण है।
- इस इंडेक्स में 1 से लेकर 10 स्थानों पर क्रमशः स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, स्वीडन, यू.के., सिंगापुर, यू.एस.ए, फिनलैंड, डेनमार्क, ज़र्मनी तथा आयरलैंड हैं।

संगीत कलानिधि पुरस्कार

- प्रमुख कर्नाटक गायिका अरुणा साईराम को इस वर्ष के संगीत कलानिधि पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- अकादमी की कार्यकारी समिति ने 15 जुलाई, 2018 को हुई बैठक में सर्वसम्मति से साईराम को सम्मानित करने का फैसला लिया है।
- इसके अलावा मृदंगम कलाकार तंजावुर आर. रामदास और गायक के ओमानकुट्टी को कला आचार्य पुरस्कार तथा वीणा और नागस्वारम के शिक्षकों कल्याणी गणेश और एस.आर.जी राजन्ना को टीटीके पुरस्कारों के लिये चुना गया है।

संगीत कलानिधि पुरस्कार

- यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मद्रास संगीत अकादमी द्वारा कर्नाटक संगीत में निपुणता हासिल करने वाले कलाकारों को दिया जाता है।
- यह कर्नाटक संगीत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है।

करगिल विजय दिवस की स्मृति में 'श्वेत अश्व' मोटरसाइकिल अभियान

- वर्ष 1999 में भारतीय सेना के 'ऑपरेशन विजय' की स्मृति में 2 जुलाई, 2018 को कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस की विशिष्ट मोटरसाइकिल प्रदर्शन टीम 'श्वेत अश्व' को झंडा दिखाकर रवाना किया गया।
- यह मोटरसाइकिल दल देश के आठ राज्य होते हुए बंगलुरू से द्रास, जम्मू-कश्मीर तक 3250 किलोमीटर की दूरी 24 दिनों में पूरी करेगा और 26 जुलाई, 2018 को करगिल युद्ध स्मारक, द्रास पहुँचेगा।
- 'श्वेत अश्व' का गठन 1952 में सीएमपी केंद्र और स्कूल, फैजाबाद में किया गया था।
- अपने गठन के बाद से इस टीम ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रदर्शन करता रहा है और 'श्वेत अश्व' के नाम से तीन गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज किये हैं।
- इस मोटरसाइकिल अभियान का समापन करगिल विजय दिवस समारोह के हिस्से के रूप में करगिल युद्ध स्मृति द्रास में 26 जुलाई, 2018 को होगा।
- इस अभियान का उद्देश्य भाईचारे को मज़बूत बनाना, करगिल युद्ध में शहीदों द्वारा दिये गए सर्वोच्च बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि और युवकों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिये प्रेरित करना है।

'कोयला खान निगिरानी एवं प्रबंधन प्रणाली (सीएमएसएमएस)' और 'खान प्रहरी'

- केंद्रीय कोयला, रेलवे, वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री श्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में मोबाइल एप्लीकेशन 'खान

प्रहरी' और 'कोयला खान निगिरानी एवं प्रबंधन प्रणाली' (सीएमएसएमएस) को लॉन्च किया।

- इन एप्स को सीआईएल की सहायक कंपनी राँची स्थति सीएमपीडीआई एवं भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एप्लीकेशन और जियो-इन्फॉरमैटक्सि द्वारा विकसित किया गया है।
- सीएमएसएमएस का मुख्य उद्देश्य अनधकिृत कोयला खनन गतविधियों के बारे में जानकारी देना, उनकी निगिरानी करना और उपयुक्त कदम उठाना है।
- सीएमएसएमएस एक वेब आधारित जीआईएस एप्लीकेशन है, जिसके ज़रिये अनधकिृत खनन वाले स्थानों का पता लगाया जा सकता है।
- इस प्रणाली में जिस बुनियादी प्लेटफॉर्म का उपयोग किया गया है, वह इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मैप से जुड़ा है, जो ग्रामीण स्तरीय सूचनाएँ उपलब्ध कराता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-18-07-2018